Drupal के लिए निर्देश पत्र
स्पोकन ट्यूटोरियल टीम
आई आई टी बॉम्बे

**1** अभ्यास की विधि

1. आपको स्पोकन ट्यूटोरियल्स और फाइल्स का एक सेट दिया गया है।
2. आप आदर्श रूप से एक समय में एक ट्यूटोरियल करेंगे।
3. आप स्पोकन ट्यूटोरियल सुन सकते हैं और वीडियो में दर्शायी सारी स्टेप्स दोबारा कर सकते हैं।
4. अगर आपको उपरोक्त निर्देशों में कोई कठिनाई आती है तो आप एकबार पूरा ट्यूटोरियल सुनें और फिर दूसरी बार सुनते समय इसका अभ्यास भी करें।

**2 Drupal**

1. अपने कंप्यूटर पर spoken नामक फोल्डर पर जाएं और इसे खोलें (या अपने समन्वयक/प्रशिक्षक से पूछें)
2. राइट क्लिक करें और फायरफॉक्स/क्रोम ब्राउजर का उपयोग करके index.html फाइल खोलें। इंटरनेट एक्स्फ्लोरर में न खोलें। इंटरनेट एक्स्फ्लोरर स्पोकन ट्यूटोरियल को सही से नहीं चला सकता।
3. यदि निम्न कोई स्टेप्स कार्य नहीं करता है, तो कृपया आपके द्वारा उपयोग किए जा रहे ब्राउजर को जाँचें। यदि आप इंटरनेट एक्स्फ्लोरर का उपयोग कर रहे हैं, कृपया इसे बंद करें और फायरफॉक्स/क्रोम ब्राउजर के साथ खोलें।
4. Side-by-Side Method विडियो डिफॉल्ट रूप से दिखता है। यह आसान स्व-अध्ययन पद्धति समझाता है। इस ट्यूटोरियल को पहले सुनें। आपको स्पोकन ट्यूटोरियल को उपयोग करके Drupal सीखने के लिए इसी पद्धति का अनुकरण करना है।
5. स्क्रीन के ऊपरी भाग पर Select Foss Category ड्रॉप डाउन पर क्लिक करें और Drupal चुनें।
6. "Select Language" ड्रॉप डाउन पर क्लिक करें।और वो भाषा चुनें, जिसमें आप सीखना चाहते हैं।
7. "Submit" बटन पर क्लिक करें।
8. आपके चुनाव के आधार पर आप ट्यूटोरियल्स की सूची देखेंगे।
9. प्रदर्शित सूची में से पहले ट्यूटोरियल से शुरू करें।

**3** पहला ट्यूटोरियल**: "Overview of Drupal"**

1. "Overview of Drupal" विषय पर जाएँ।
2. यह ट्यूटोरियल Drupal और इस ट्यूटोरियल श्रृंखला के ओवरव्यू के बारे में समझाता है।
3. यदि आप स्पोकन कंटेंट का सब्टाइटल देखना चाहते हैं, तो स्पोकन फोल्डर में README.txt में दिए गए निर्देशों का अनुकरण करें।
4. प्लेयर पर क्लिक करें और ट्यूटोरियल देखें।
5. एक बार जब ट्यूटोरियल समाप्त हो जाय, तो प्लेलिस्ट विंडो में अगला ट्यूटोरियल **Installation of Drupal** चुनें।

**4** दूसरा ट्यूटोरियल**: Installation of Drupal (Drupal** का संस्थापन**)**

1. "Installation of Drupal" विषय पर जाएँ।
2. यह ट्यूटोरियल समझाता है कि Bitnami Drupal Stack उपयोग करके विंडोज़ OS पर और उबन्टु लिनक्स OS पर Drupal 8 कैसे इंस्टॉल करते हैं।
3. आपके सिस्टम एडमिन ने आपके कंप्यूटर पर पहले ही Bitnami Drupal इंस्टॉल कर दी होगी।
4. साइड-बाई-साइड पद्धति का उपयोग करके अभ्यास करने के लिए अपनी स्क्रीन का ट्यूटोरियल सहित वेब ब्राउजर का साइज आधा बाईं ओर समायोजित करें । आधा दाईं ओर पर file browser/explorer खोलें और सही बैठाएँ।
5. यदि आप लिनक्स यूजर हैं तो विडियो में 6.51 समय छोड़ दें और वहाँ से निर्देशों का अनुकरण करें । 7.09 पर ट्यूटोरियल आपको drupal-8.1.3-0 फोल्डर खोलने के लिए कहेगा । यदि आपके कंप्यूटर में drupal का नया वर्जन है तो फोल्डर का नाम उच्च संख्या में होगा । बजाय इसके उस फोल्डर को खोलें ।
6. विंडो यूजर्स विडियो में सीधे 7.27 पर जा सकते हैं Bitnami Drupal Manager Tool कैसे खोलें, सीख सकते हैं।
7. Servers को शुरू करने के लिए निर्देशों का अनुकरण करें।
8. जब आप 8.33 पर "Go to Application" पर क्लिक करते हैं, Bitnami Drupal Stack के नाम से एक नई विंडो खुलेगी। यदि इसके बजाय यह नये टैब में खुलती है तो नयी विंडो बनाने के लिए क्लिक करें और आर बाहर ड्रैग करें।
9. उपर्युक्त उल्लिखित Bitnami Drupal Stack विंडो का साइज बदलें । और साइड-बाई-साइड पद्धति का अनुकरण करने के लिए अपने कंप्यूटर स्क्रीन के आधा बाईं ओर बैठाएँ।
10. अपनी Drupal वेबसाइट के मुख्य पेज को खोलने के लिए "Access Drupal" पर क्लिक करें।
11. समय 9.00 तक ट्यूटोरियल का अभ्यास करें, यहाँ यूजरनेम admin और पासवर्ड drupal8gr8 दें। (कृपया अपने समन्वयक/प्रशिक्षिक से परामर्श लें यदि यह भिन्न है।)
12. जारी रखें और ट्यूटोरियल को पूरा करें।

**5** तीसरा ट्यूटोरियल**: Content Management in Admin Interface**

1. यदि वेब सर्वर नहीं चल रहा है या यदि आपने पहले से ही लॉगिन नहीं किया है तो भाग 4 के स्टेप 5 से 11 के निर्देशों का उपयोग करें।

    (अ) सर्वर को शुरू करने और Drupal का मुख्य पेज एक्सेस करने के लिए

    (ब) एडमिन के रूप में लॉगिन करने के लिए

आप उपर्युक्त को जाँच सकते हैं जब भी आप नए सिरे से Drupal साइट पर काम करना चाहें, कंप्यूटर बंद होने, ब्राउजर के cache क्लियर होने पर आदि। सर्वर बंद होगा और आप लॉग आउट करेंगे । अन्यथा आप आसानी से पिछले ट्यूटोरियल से शुरू कर सकते हैं।

2. वर्तमान ट्यूटोरियल के नीचे स्क्रोल करें और Code files पर जाएँ। क्लिक करें और (ZIP archive) फाइल को डाउनलोड़ करें। इसमें फाइल logo.png है जो इस ट्यूटोरियल के लिए आवश्यक है। आप इसे अपने फोल्डर पर कापी कर सकते हैं, और ट्यूटोरियल में दिए गए सुझावों के अनुसार उपयोग करें।
3. इस ट्यूटोरियल को पूर्ण करने के बाद अपने अध्ययन को बढ़ाने के लिए Assignment भाग में दिए गए सवालों को हल करें।

**6** आगामी ट्यूटोरियल्स

भाग 5. में उल्लिखित पद्धति का अनुकरण करते हुए सभी Drupal ट्यूटोरियल्स को पूरा करें । विशेष रूप से, सभी ट्यूटोरियल्स के लिए निम्नलिखित रूप से करें ।

1. यदि सर्वर नहीं चल रहा है तो सर्वर को शुरू करें ।
2. एडमिन के रूप में लॉगिन करें यदि लॉगिन नहीं है तो ।
3. कोड फाइल्स को डाउनलोड, कॉपी तथा उपयोग करें ।
4. नियत कार्य करें ।

**7** आपकी अंग्रेजी को बेहतर बनाने के लिए **:**

1.यह संभव है के आपको अंग्रेजी भाषा का बेहतर ज्ञान न हो ।यदि हाँ तो आप अन्य भाषाओं में से डब किए ट्यूटोरियल्स को चुन सकते हैं ।

2.यदि आपने अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा का उपयोग कर सीखा है, तो कृपया सभी ट्यूटोरियल्स को अंग्रेजी में दोहराएं । यह आपकी अंग्रेजी भाषा के कौशल में सुधार लाएगा ।

3.कृपया हमें बताइए यदि आप इन ट्यूटोरियल्स को किसी अन्य भाषा में डब करना चाहते हैं जो फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं ।